# वेटरनरी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस का समापन




जबलपुर। नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ वाइल्ड लाइफ एंड फॉरेंसिक हेल्थ, वन विभाग मप्र एवं भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय चिड़ियाघर एवं वन्यजीव (एआईजेडडब्ल्यूवी) का 15 वां वार्षिक सम्मेलन एवं तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस का समापन शनिवार दोपहर 1 बजे वेटरनरी कॉलेज के सभागार में हुआ। समापन समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय डॉ. अजय विश्नोई विधायक पाटन, विशिष्ट अतिथि डॉ. एबी श्रीवास्तव नवागत अध्यक्ष एआईजेडडब्ल्यूवी, अध्यक्षता नानाजी देशमुख वेटरनरी साइंस यूनिवर्सिटी के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा, डॉ. अपूर्वा चक्रवर्ती, डॉ. पराग निगम एआईजेडडब्ल्यूवी के सचिव, वेटरनरी कॉलेज डॉ. आरके शर्मा, कार्यक्रम संयोजक डॉ. शोभा जावरे ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि की आसंदी से संबोधित करते हुए डॉ. अजय विश्नोई ने कहा कि वेटरनरी यूनिवर्सिटी के वाइल्ड लाइफ सेंटर की स्थापना के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। उन्होंने कहा यह गौरव का विषय है कि जबलपुर में देश–विदेश के वन्यजीव विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्र होकर वन हेल्थ पर काम करने की तैयारी कर रहे हैं। वेटनेरियन्स का दायरा असीमित है और काम करने के लिए बहुत अवसर हैं। वेटनेरियन्स के काम को अब समाज और सरकार के सामने लाने की जरूरत है और यह बताने कि हम इससे भी बेहतर बहुत कुछ कर सकते हैं। नए–नए आयाम खुल रहे हैं। सरकार की नजर भी आपके काम पर है ऐसे में इस तरह की अंतरराष्ट्रीय कॉफ्रेंस तकनीकों के आदान–प्रदान के लिए एक बेहतर मंच होती है। विश्व वेटरनरी दिवस पर सभी को शुभकामनाएं।



कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विवि के कुलगुरु प्रोफेसर डॉ. मनदीप शर्मा ने वर्ल्ड वेटरनरी–डे की सभी को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा वन हेल्थ पर काम करना आज की महती

आवश्यकता है। इसके लिए सभी के बीच बेहतर समन्वय होना चाहिए तभी अनुसंधान के परिणाम वन्यजीवों के संरक्षण की दिशा में आएंगे। कार्यक्रम संयोजक डॉ. शोभा जावरे ने तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया ।

समारोह में स्वागत भाषण अधिष्ठाता वेटरनरी कॉलेज डॉ. आर.के. शर्मा ने दी। समापन समारोह में अतिथियों ने डॉ. बीएम अरोरा मेमोरियल अवार्ड अरुण ए शाह को प्रदान किया। इसी क्रम में डॉ. वैद्यनाथ कृष्णमूर्ति मेमोरियल अवार्ड डॉ. कृष्णमूर्ति द्वारा डॉ. एस इलियाराजा, डॉ. जेएल निगम एक्सीलेंस इन वाइल्ड लाइफ सर्जरी गीता निगम द्वारा डॉ. केश्रीधर को, डॉ. अपूर्वा चक्रवर्ती एक्सीलेंस वाइल्ड एंड पैथोलॉजी डॉ. एन कॅरिकलन, वाइल्ड लाइफ हेल्थ पर काम करने के लिए डॉ. एबी श्रीवास्तव एपीरिसिएशन पुरस्कार डॉ. श्वेता मंडल, डॉ. एके शर्मा एपीरिसिएशन यंग रिसर्च इन वाइल्ड लाइफ साइंस डॉ. हमजा एन फारुकी, एआईजेडडब्ल्यूबी एपीरिसिएशन अवार्ड फॉर फ्री



रेंजिंग वाइल्ड लाइफ डॉ. संदीप अग्रवाल, वन गिरि अवार्ड बेस्ट रिसर्च एवं रिव्यू आर्टिकल वाइल्ड एंड हेल्थ डॉ. राजेश नाकुलन, वन गिरि बेस्ट क्लीनिक केस डॉ. शरद कुमार साहू, लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड डॉ. एलएन आचार्यों, द्वितीय अवार्ड डॉ. अपूर्वा चक्रवर्ती प्रदान किया गया। इसी क्रम में ओरल प्रेजेंटेशन जू एंड वेट मेडिसिन डॉ. दीपिका वालसयन, वन हेल्थ इंट्रीग्रेशन डॉ. एसबी लक्ष्मी नारायण, कर्जवेशन स्टेटजी डॉ. सी स्मिथ, एडवांस इन वाइल्ड लाइफ डॉ. ए एस सुंदरम, डॉ. वाइल्ड लाइफ हेल्थ एंड सिस्टम डॉ. निधि राजपूत, कर्जवेशन पर डॉ. एन वासे, कर्जवेशन जैनेटिक्स एंड बायो इनफार्मेशन डॉ. ए. जोशी को सर्टिफिकेट प्रदान पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिताओं में इन विजेतओं को किया गया सम्मानित विश्व वेटरनरी दिवस के उपलक्ष्य में कॉलेज में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसमें ड्राइंग में विजेता छात्रा मंजुला, हर्षिता एवं सिमरन पटेल, निबंध प्रतियोगिता में विजेता छात्रा युक्ति सिंग, डॉ. कणिका, डॉ. संध्या, पोस्टर में डॉ. आर माथूर, पोस्ट प्रेजेंटेशन डॉ. आर तिवारी, वाइल्ड लाइफ मेडिसिन डॉ. आर माथूर, वाइल्ड लाइफ मैनेजमेंट डॉ. ए. के. ठाकुर, वाइल्ड लाइफ फॉरेंसिंक एंड वन हेल्थ डॉ. एस तमेलियन को सर्टिफिकेट देकर पुरस्कृत किया गया।

जजों को मोमेंटा देकर किया सम्मानित, समारोह में तीन दिवसीय कॉफ्रेंस में आयोजित विभिन्न सत्रों में जजों की भूमिका में रहे वेटनेरियन्स में डॉ. निरंजन साहू, डॉ. श्री कुमार, डॉ. अनुराधा रेड्डी, डॉ. आर.के शर्मा, डॉ. संजय शुक्ला, डॉ. सुजीत कोलनकर, डॉ. एल.के. शर्मा, डॉ. श्वेता मंडल, डॉ. व्ही.पी. चनपूरिया, डॉ. कोबस राठ, डॉ. अशरफ, डॉ. आदित्य मिश्रा, डॉ. ब्रज किशोर गुप्ता, कर्नल दिनेश नागर, डॉ. केपी सिंह, डॉ. भढान भास्कर को मोमेंटो प्रदान कर अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसी क्रम में कार्यक्रम सहयोग करने वाली संस्थाओं में पनव बायोटेक, वाइल्ड लाइफ, वेटस इंटरनेशनल, हाईटेक एडवांस प्रोटेक्ट, वेक्सन वेटरनरी, वाइल्ड लाइफ कर्जवेशन, इनवास फार्मा, रिलायंस इंडस्ट्री, एएनएस क्रिएशन, एसजी साइंटिफिक, कूनो,

मध्य प्रदेश वन विभाग, वंदना एसोसिएट, जायडस इंडस्ट्री, प्रीमियम इसपोंसर्स में वन विभाग मध्य प्रदेश, वनतारा, एएनएस क्रिएशन एडं वनरक्षक के प्रतिनिधियों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया।

इनका रहा विशेष सहयोग

तीन दिवसीय इंटरनेशनल कॉफ्रेंस के सफल आयोजन में डॉ. गौरी, डॉ. सोमेश सिंह, डॉ. केपी सिंह, डॉ. निधि राजपूत, डॉ. अमोल रोकड़े सहित कार्यक्रम हेतु आयोजित समितियां के अध्यक्ष एवं सभी सदस्यों व वाइल्ड लाइफ सेंटर के वालिंटयर छात्र–छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

मंच का संचालन डॉ. पूनम शाक्य ने किया एवं आभार प्रदर्शन डॉ. आदित्य मिश्रा डीन स्टूडेंट वेलफेयर वीयू ने किया।

समापन  दिवस के प्रथम चरण में दिन मे सम्मेलन के तीसरे दिन समापन समारोह के पूर्व तकनीकी सत्रों का आयोजन किया गया। इसमें जीनोमिक्स के माध्यम से लुप्तप्राय प्रजातियों का संरक्षण पर डॉ. बुधन एस. पुकाझेंथी, रिसर्च फिजियोलॉजिस्ट, स्मिथसोनियन नेशनल जू एंड कंजर्वेशन, यूएसए। चिड़ियाघर पशु चिकित्सा देखभाल, नवाचार, प्रौद्योगिकियां और सहयोग पर डॉ. बृज किशोर गुप्ता, निदेशक, ग्रीन्स जूलॉजिकल रेस्क्यू एंड रिहैबिलिटेशन सेंटर, जामनगर, गुजरात। आमंत्रित वक्ताओं में डॉ. पराग डेका परियोजना निदेशक पिग्मी हॉग संरक्षण कार्यक्रम। विषय वन्यजीवों के लिए रोग जोखिम विश्लेषण, डॉ. पी अनुराधा रेड्डी प्रधान वैज्ञानिक सेलुलर  एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र, हैदराबाद, तेलंगाना,  विषय संकटग्रस्त एवं लुप्तप्राय प्रजातियों में आनुवंशिक विविधता एवं जनसंख्या संरचना। डॉ.एस. इलियाराजा, उप निदेशक (पशु चिकित्सा सेवाएं), वन्यजीव एस.ओ.एस. विषय एशियाई हाथियों में गतिशीलता पर मस्कुलोस्केलेटल विकारों का प्रभावरू नैदानिक और प्रबंधन दृष्टिकोण पर व्याख्यान प्रस्तुत किए।  कार्यक्रम में करीब देश–विदेश से करीब 400 वन्यजीव विशेषज्ञों एवं छात्र–छात्राओं ने हिस्सा लिया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर